रेलगाड़ी छत पर यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ हुई दुर्घटनाएं

6297. **श्री रामदेव भंडारी:** क्या रेल मंत्री यह बताने के कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1992 से अब तक देशभर में रेलगाड़ी की छत पर यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ कितनी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं;

(ख) उन स्थानों और रेलवे जोनों के नाम क्या हैं जहां ये दुर्घटनाएं हुई और उनमें मरने वालों तथा घायलों की संख्या क्या है;

(ग) यात्रियों द्वारा रेलगाड़ी की छत पर यात्रा करने के क्या कारण हैं; और

(घ) ऐसी दुर्घनटनाओं को रोकने के लिये सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे हैं?

रेल मंत्री (श्री सी॰ के॰ जाफ़र शरीफ): (क) और (ख) एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिये)।

(ग) कभी-कभी छुट्टियों, मेलों तथा त्योहारों आदि के कारण यातायात की अभूतपूर्व भीड़भाड़ के चलते गाड़ी की छत पर यात्रा करने की घटनाएं होती हैं। तथापि, सवारी डिब्बों में स्थान उपलब्ध होने के बावजूद भी, यात्री छतों पर यात्रा करते पाए जाते हैं।

(घ) स्टेशन परिसरों पर सूचनाओं तथा पोस्टरों के प्रदर्शनों, महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से घोषणाओं, छत पर यात्रा करने के खतरे को उजागर करने, चल टिकट परीक्षकों द्वारा जांच तथा रे॰स॰ब॰ / रा॰रे॰पु॰ आदि द्वारा दंड दिए जाने सहित, गाड़ियों की छतों पर यात्रा करने से रोकने तथा हतोत्साहित करने के लिए उपाय किए जाते हैं। जब कभी त्यौहारों आदि के दौरान गाड़ियों में स्थान की अतिरिक्त मांग होती है तब अतिरिक्त सवारी डिब्बों की व्यवस्था तथा अतिरिक्त गाड़ियां चलाकर तथा संभव सीमा तक गाड़ी की क्षमता में वृद्धि की जाती है।

विवरण

छत पर यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ हुई दुर्घटनाएं

रेलवे क्षेत्र	स्थान	दुर्घटनाओं की सं॰	मारे गए यात्रियों की संख्या	घायल हुए यात्रियों की संख्या
मध्य	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं
पूर्व	जापला स्टेशन	1	3	कोई नहीं
उत्तर	रसूलाबाद	3	कोई नहीं	3
	इलाहाबाद	3	कोई नहीं	3
	कानपुर	14	1	13
	भुंडा रोड	1	कोई नहीं	1
	कान्भीगवान	2	कोई नहीं	2
	इटावा	2	1	1
	अंबाला-सहारनपुर खंड	1	2	कोई नहीं
	अंबाला-धोलकोट खंड	1	4	9
	मलीहाबाद स्टेशन	1	5	कोई नहीं
	दिल्ली स्टेशन	1	1	कोई नहीं
	कौराल	1	कोई नहीं	1
पूर्वोत्तर	भैरवा	1	18	2
पूर्वोत्तर सीमा	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं
दक्षिण	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं
दक्षिण मध्य	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं
दक्षिण पूर्व	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं
पश्चिम	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं	कोई नहीं
	जोड़:	32	35	35